## एक नजर में

### भाजपा महिला मोर्चा ने पौधारोपण किया, ई-रिक्शा रैली निकाली



**मंदसौर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पेट्रोल-डिजल (इंधन) को बचाने एवं इसके प्रति जागृति लाने के लिये नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर व भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका गोस्वामी के नेतृत्व में ई-रिक्शा रैली निकाली। यह रैली संजीत नाका स्थित महारानी लक्ष्मीबाई चौराहा से निकली तथा बीपीएल चौराहा, महू नीमच रोड, नया बस स्टैंड सहित कई मार्गों से होती हुई नवीन भाजपा कार्यालय पहुंची। यहां भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं एवं भाजपा की महिला जनप्रतिनिधियों ने केन्द्रीय विद्यालय के सामने स्थित नवीन उद्यान पर पौध रोपण किया तथा पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व जिलाध्यक्ष निर्मला गुप्ता, भाजपा जिला मंत्री रानू भावसार, पूर्व जिला मंत्री प्रीति रोखले, पार्षदगण भावना पमनानी, गरिमा भाटी, प्रमिला गोयल, सुधा फरक्या, विद्या कडौतिया, नीतू जाधवा, निशा कुमावत, आरती दवे सहित कई महिलायें भी उपस्थित थीं।

### महारानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर भाजपा महिला मोर्चा ने किया पौधारोपण



**मंदसौर।** भाजपा महिला मोर्चा द्वारा जिलाध्यक्ष प्रियंका गोस्वामी के नेतृत्व में महारानी लक्ष्मीबाई बलिदान दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित महारानी लक्ष्मीबाई चौराहे पर वीरांगना की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री महेश जूनवाल, जिला मंत्री रानू भावसार, मंडल अध्यक्ष अरविंद सारस्वत, नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, पूर्व महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष निर्मला गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रियंका गोस्वामी ने कहा कि महारानी लक्ष्मीबाई का बलिदान साहस, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति का अद्वितीय प्रतीक है तथा उनका जीवन आज भी देश की मातृशक्ति को प्रेरणा प्रदान करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर ईंधन एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए महिला मोर्चा पदाधिकारियों ने ई-रिक्शा एवं ई-बाइक रैली निकाली। इसके पश्चात नवीन भाजपा कार्यालय पहुंचकर प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया। यशनगर चौराहे पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता यशपालसिंह सिसौदिया ने महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं का स्वागत एवं सम्मान किया। कार्यक्रम में महिला मोर्चा की पार्षद बहनों, मातृशक्ति एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही।

# गाड़ियों से बढ़ रहा प्रदूषण : मुनि प्रणम्यसागर



**मंदसौर।** आधुनिक जीवन में बढ़ती सुविधाओं और उपभोग की प्रवृत्ति ने पर्यावरण के समक्ष गंभीर चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। यंत्रों और वाहनों की बढ़ती संख्या से प्रकृति को यंत्रणा मिल रही है तथा अतिवाहन (अत्यधिक वाहनों का उपयोग) वातावरण को प्रदूषित करने का प्रमुख कारण बन गया है। मनुष्य के सुखद और संतुलित जीवन के लिए परिग्रह का परिमाण आवश्यक है। यह विचार मुनिश्री प्रणम्यसागर महाराज ने गुरुवार को तारबंगला मंदिर परिसर में आयोजित विशाल धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

मुनिश्री ने कहा कि भारत कृषि प्रधान और आध्यात्मिक चिंतन का देश रहा है, जहां लोग सुख, शांति और संतोष के साथ जीवन व्यतीत करते थे। लेकिन मोह और तृष्णा के कारण परिग्रह बढ़ता गया तथा उपभोग की वस्तुओं की संख्या में निरंतर वृद्धि हुई। इसके परिणामस्वरूप भगवान महावीर द्वारा प्रतिपादित अपरिग्रह अणुव्रत का पालन धीरे-धीरे कम होता गया।

उन्होंने कहा कि भारत आज विकसित राष्ट्रों की श्रेणी की ओर अग्रसर है, लेकिन मशीनों और कारखानों से निकलने वाले दूषित रसायन तथा धुआं जलवायु को विषाक्त बना रहे हैं। लोगों की आवश्यकताएं और सुविधाओं की चाह बढ़ने से तीव्र गति से चलने वाले वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है। स्थिति यह है कि कई घरों में सदस्यों से अधिक वाहन हो गए हैं, जिससे तेल और ऊर्जा की खपत भी बढ़ी है।

मुनिश्री ने कहा कि सड़कों के विस्तार के लिए भूमि का दोहन हुआ, वृक्षों की कटाई हुई, जिससे हरियाली कम होती गई। इसका दुष्प्रभाव केवल पशु-पक्षियों पर ही नहीं बल्कि मानव जीवन पर भी पड़ रहा है।

मुनिश्री ने बताया कि लगभग दो हजार वर्ष पूर्व आचार्य समन्तभद्र स्वामी ने अपने ग्रंथों में 'अतिवाहन अतिचार' का उल्लेख करते हुए भविष्य में वाहनों की अत्यधिक वृद्धि और उससे होने वाले पर्यावरण प्रदूषण की आशंका व्यक्त की थी। परिग्रह का सीमित परिमाण ही सुखी और संतुलित जीवन का आधार बन सकता है। आचार्यश्री विद्यासागरजी महाराज के चित्र का अनावरण, पाद प्रक्षालन का सौभाग्य सुशीलादेवी, जितेन्द्र, भूपेन्द्र एवं अमित कोठारी परिवार को प्राप्त हुआ।

## 400 ग्राम एमडी और 10 .5 किलो डोडाचूरा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार, बाइक जब्त

**पिपलिया मण्डी।** पिपलिया मंडी पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया, पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 400 ग्राम एमडी व 10 किलो 500 ग्राम डोडाचूरा बरामद किया है। साथ ही एक मोटरसाइकिल, नकदी राशि व मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं। कोर्ट में आरोपियों को 21 जून तक पुलिस रिमांड पर सौंपा है।

थाना पिपलिया मंडी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति बाइक से अवैध मादक पदार्थ लेकर काचरिया रोड स्थित पटाखा मार्केट की ओर आने वाले हैं। पुलिस टीम में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर नाकाबंदी की योजना तैयार की। इसके बाद सहायक उपनिरीक्षक जसराज सिंह चंदेल के नेतृत्व में पुलिस दल ने काचरिया रोड क्षेत्र में घेराबंदी कर चेकिंग शुरू की। नाकाबंदी के दौरान काचरिया रोड की ओर से एक काले रंग की होंडा एसपी 125 मोटरसाइकिल आती हुई दिखाई दी, जिसे पुलिस द्वारा रोक लिया गया। वाहन पर दो व्यक्ति सवार थे, जिनकी पहचान महफुज (19) पिता शफी मोहम्मद पिंजरा निवासी खजुरी रुण्डा, थाना गरोठ जिला मंदसौर एवं वसीम (20) पिता खाजू मंसूरी निवासी सगोरिया थाना शामगढ़ जिला मंदसौर के रूप में हुई। तलाशी के दौरान महफुज पिंजारा की पैंट की जेब से एक पारदर्शी पॉलिथीन में रखी क्रिस्टल नुमा चमकदार व काले-भूरे रंग की पदार्थ की थैली बरामद हुई, जिसमें से तेज कसीली गंध आ रही थी। प्राथमिक परीक्षण एवं पुलिस के अनुभव के आधार पर उसे एमडी (मादक पदार्थ) पाया गया, जिसका वजन 400 ग्राम निकला।

## प्याज के कट्टों के नीचे छिपाकर ले जा रहे 90 किलो डोडाचूरा सहित दो तस्कर गिरफ्तार

**मंदसौर।** अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शामगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने प्याज के कट्टों के नीचे छिपाकर ले जाए जा रहे 90 किलोग्राम डोडाचूरा के साथ उत्तर प्रदेश के दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तैर सिंह बघेल एवं एसडीओपी सीतामऊ दिनेश प्रजापति के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक कपिल सौराष्ट्रीय के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने ढाबला गुर्जर अंडरब्रिज के पास पंजाब पासिंग पिकअप वाहन क्रमांक पीबी-65-बीएम-7353 को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान प्याज के 25 कट्टों के नीचे छिपाकर रखा गया 90 किलो डोडाचूरा बरामद हुआ। पुलिस ने वाहन में सवार विपिन (25) निवासी बदायूं तथा राहुल सिंह (34) निवासी बदायूं, उत्तरप्रदेश को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15 के तहत प्रकरण दर्ज किया है। जप्त डोडाचूरा की अनुमानित कीमत 1.80 लाख रुपए तथा पिकअप वाहन की कीमत लगभग 8 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस तस्करी नेटवर्क के संबंध में पूछताछ कर रही है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर लगाया विशेष कैंप



**मंदसौर।** दशपुर योग शिक्षा संस्थान एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में नूतन स्टेडियम स्थित योग भवन में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर एक विशेष योग कैंप आयोजित किया गया। इस विशेष कैंप में योग गुरु सुरेन्द्र जैन ने आगामी 21 जून को प्रोटोकॉल के तहत की जाने वाली सभी योग क्रियाओं का उपस्थित साधकों को अभ्यास करवाया तथा साथ ही इन क्रियाओं से होने वाले विभिन्न शारीरिक लाभों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।

इस दौरान जिला आयुष अधिकारी बिन्दू ध्रुव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास करने से व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक तथा आध्यात्मिक लाभ प्राप्त होते हैं। उन्होंने सभी योग साधकों से पुर?ार आव्हान किया कि 21 जून को नूतन स्टेडियम में जिला प्रशासन द्वारा ऊँ अर्हं सोशल वेलफेयर फाउण्डेशन, दशपुर योग शिक्षा संस्थान व सकल जैन समाज के विशेष सहयोग से आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित करें।

योग गुरु जैन ने बताया कि वर्ष 2026 के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की मुख्य थीम 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' निर्धारित की गई है। यह थीम विशेष रूप से इस बात पर जोर देती है कि योग केवल शारीरिक फिटनेस का ही माध्यम नहीं है, बल्कि ब?ती उम्र में इंसान का शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य बनाए रखने का एक बेहद प्रभावी तरीका भी है। उन्होंने बताया कि हर साल 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। भारत की इस प्राचीन योग परंपरा को वैश्विक पहचान दिलाने वाला यह विशेष दिन अब पूरी दुनिया के सबसे ब? स्वास्थ्य अभियानों में से एक बन चुका है। जिला नोडल अधिकारी डॉ कमलेश धनोतिया, योग शिक्षक लोकेन्द्र जैन, जिनेन्द्र उकावत, विजय पलो?, जितेश फरक्या, जापानी भावनानी, अंतिमबाला मालवीय, कैलाशचन्द्र रिछावरा, महेश सेठिया, आनन्द कुमार कर्ण, घनश्याम पाण्डे, वीरेन्द्र पाटीदार, गोपाल पाटीदार, दिनेश श्रोत्रिय और अन्य मौजूद थे।

## समाजसेवी गनेड़ीवाल परिवार ने सौंपी दो बड़ी स्वास्थ्य सौगातें



**मंदसौर।** जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊंचाई देने की दिशा में समाजसेवी प्रदीप गनेड़ीवाल परिवार द्वारा उनके पिताजी स्व. श्री रणछोड़ प्रसाद जी गनेड़ीवाल की स्मृति मे दो महत्वपूर्ण स्वास्थ्य परियोजनाओं में सहयोग प्रदान किया गया है। रोटरी क्लब मंदसौर के माध्यम से जिला चिकित्सालय में लगभग 45 लाख रुपये लागत की अत्याधुनिक मैमोग्राफी मशीन स्थापित की जा रही है, जबकि इससे पूर्व आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कार्डियक एम्बुलेंस उपलब्ध कराने की पहल भी की जा चुकी है।

महिलाओं में बढ़ते स्तन कैंसर के मामलों की समय पर पहचान एवं उपचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्थापित की जा रही यह मैमोग्राफी मशीन जिले की हजारों महिलाओं के लिए वरदान साबित होगी। मशीन की स्थापना रोटरी क्लब मंदसौर, रोटरी क्लब बाली जिम्बारन एवं श्री प्रदीप गनेड़ीवाल परिवार के सहयोग से की जा रही है। जिला कलेक्टर आदिति गर्ग की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय परिसर में मशीन स्थापना हेतु आवश्यक कक्ष आवंटित कर दिया गया है तथा तकनीकी प्रक्रियाएं भी प्रारंभ हो चुकी हैं। मशीन के शुरू होने के बाद महिलाओं को जांच के लिए इंदौर, उज्जैन, उदयपुर 'अथवा अन्य बड़े शहरों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा। समय और धन दोनों की बचत होगी तथा कैंसर जैसी गंभीर बीमारी का प्रारंभिक अवस्था में पता लगेगा। रोटरी क्लब मंदसौर द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र में किए जा रहे सेवा कार्यों की यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। पूर्व में गनेड़ीवाल परिवार के सहयोग से श्री गुरु गौतम मुनि जैन सामाजिक एवं शैक्षणिक समिति के लिए 40 लाख लागत की अत्याधुनिक कार्डियक एम्बुलेंस उपलब्ध कराने की पहल भी की गई थी।

## धूमधाम से मनाई महाराणा प्रताप जयंती

**मंदसौर।** डोडिया मीणा स्थित ग्लोबल अकादमी पब्लिक स्कूल में बुधवार को हिन्दू पंचांगानुसार वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप का जन्मोत्सव हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्वक मनाया गया। विद्यार्थियों ने महाराणा प्रताप के जीवन, उनके शौर्य, त्याग एवं राष्ट्रभक्ति को विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से सजीव किया।

विद्यार्थियों द्वारा महाराणा प्रताप एवं उनके प्रिय स्वामिभक्त अश्व चेतक का प्रेरणादायी चरित्र-चित्रण प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों ने महाराणा प्रताप की वेशभूषा धारण कर आकर्षक घु?सवारी का प्रदर्शन भी किया, जिसने उपस्थितजनों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता करते हुए देशभक्ति, वीरता, स्वाभिमान एवं त्याग के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। विद्यालय परिवार ने महाराणा प्रताप के अदम्य साहस, अटूट स्वाभिमान और मातृभूमि के प्रति समर्पण को नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संदेश दिया।

# नीमच

## एक नजर में

### मनोज स्वर्णकार प्रांतीय कार्यकारिणी में



**नीमच।** आर्य समाज की प्रान्तीय सभा मध्य भारतीय आर्य प्रतिनिधि सभा भोपाल के त्रिवार्षिक निर्वाचन अधिवेशन दिनांक 14 जून 2026 रविवार को आर्य समाज टी.टी. नगर भोपाल में सम्पन्न हुए। जिसमें सर्वानुमति से श्री प्रकाश आर्य महू को प्रधान व श्री अतुल वर्मा भोपाल को महामंत्री एवं श्रीधर शर्मा गुना को कोषाध्यक्ष बनया गया। जिसमें सभा प्रधान ने अपनी कार्यकारिणी का गठन कर 7 उप-प्रधान व 7 उपमंत्री के साथ कार्यकारणी के सदस्यों की घोषणा की, जिसमें आर्य समाज नीमच के संयोजक श्री मनोज स्वर्णकार को प्रांतिय कार्यकारिणी में मनोनीत किया गया।

### कलेक्टर के नेतृत्व में सभी जिला अधिकारी एक ही यात्री बस से ग्राम कंजार्डा हुए रवाना



**नीमच।** 'प्रशासन आपके द्वार' अभियान के तहत कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के नेतृत्व में जिले के समस्त विभाग प्रमुख आज 18 जून को ग्राम कंजार्डा में आयोजित जिला स्तरीय रात्रि चौपाल एवं जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल होने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर से निर्धारित एक ही यात्री बस से रवाना हुए। अभियान की विशेषताएं: सामूहिक पहल- कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा सहित अपर कलेक्टर श्री बी.एस.कलेश, सीईओ जिला पंचायत श्री अमन वैष्णव, वन मंडलाधिकारी श्री एसके अटोदे एवं समस्त जिला अधिकारियों ने शासकीय अथवा निजी वाहन का उपयोग न कर एक साथ बस से यात्रा की। इससे शासन की मितव्ययता एवं टीम भावना का संदेश गया। मौके पर निराकरण: ग्राम कंजार्डा एवं आसपास के ग्रामीणों की राजस्व, पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य, पेंशन, खाद्यान्न एवं अन्य शासकीय योजनाओं से संबंधित समस्याओं का शिविर में मौके पर ही निराकरण किया जाएगा। प्रशासन की पहुंच: अभियान का मुख्य उद्देश्य अंतिम छोर के व्यक्ति तक शासन-प्रशासन की पहुंच सुनिश्चित करना तथा जनसमस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी समाधान करना है। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने कहा कि 'प्रशासन आपके द्वार' केवल एक नारा नहीं, बल्कि शासन की प्रतिबद्धता है। सभी अधिकारी पूरी संवेदनशीलता के साथ ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उनका तत्काल समाधान सुनिश्चित करेंगे। शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए हैं, जहां पात्र हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया जा रहा है।

# जिलास्तरीय पीएम आवास मेला और स्व निधि महोत्सव

**▸ विधायक, कलेक्टर और नपाध्यक्ष ने हितग्राहियों को किया हित लाभ वितरण**



**नीमच। जिला प्रशासन द्वारा नगर पालिका कार्यालय परिसर नीमच में गुरुवार 18 जून को केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को उपलब्ध कराने के लिएअंगीकार 2026 अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय पीएम आवास मेला एवं स्वनिधि महोत्सव का आयोजन किया गया।**

इस अवसर पर अतिथि के रूप में विधायक दिलीप सिंह परिहार, कलेक्टर हिमांशु चंद्रा, नपा अध्यक्ष स्वाति गौरव चोपड़ा, भाजपा जिला अध्यक्ष वंदना खंडेलवाल, जिला पंचायत सीईओ अमन वैष्णव, जिला परियोजना अधिकारी चंद्रसिंह धारवे, एसडीएम पराग जैन, सांसद प्रतिनिधि आदित्य मालू, सीएमओ दुर्गा बामनिया, नपा उपाध्यक्ष रंजना करण सिंह परमाल, हेमंत हरित, मंडल अध्यक्ष मोहन सिंह राणावत, पार्षद किरण शर्मा, एल्डरमैन अरुणा तलरेजा, शंकर बंसल आदि मंचासीन थे। अतिथि स्वागत के पश्चात् विधायक परिहार, नपा अध्यक्ष श्रीमती चोपड़ा व भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती खंडेलवाल ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र जी मोदी व मुख्यमंत्री श्री मोहन जी यादव के नेतृत्व में संचालित शासन की विभिन्न जनहितकारी एवं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपस्थित हितग्राहियों को प्रदान की एवं योजनाओं का लाभ उठाने का आव्हान किया। इसके पश्चात अतिथिगणों में नगर पालिका कार्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण की रक्षा का संदेश दिया। कार्यक्रम स्थल पर शासन की विभिन्न योजनाओं से संबंधित विभागों की 15 से अधिक स्टाल लगी हुई थी जिनका अवलोकन अतिथिगणों ने किया एवं हितग्राहियों ने स्टाल पर पहुंचकर योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की. इस दौरान अतिथिगणों ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभ वितरण पत्र भी प्रदान किये।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री परिहार ने कहा कि जनकल्याण महोत्सव शिविर आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य है कि शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को उपलब्ध करवा कर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री जी की जनकल्याण की भावनाओं को साकार किया जा सके। इस अवसर पर नपाध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा ने अपने उदबोधन में कहा कि इस जन कल्याण शिविर के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त होकर योजनाओं का लाभ उठाने में आ रही समस्याओं का निदान होगा ओर वे योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

## स्वस्थ जीवन के लिए योग थीम पर मनाया जाएगा 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**नीमच।** जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग, नीमच के संयुक्त तत्वावधान में 21 जून 2026, रविवार को 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 'स्वस्थ आयु के लिये योग' थीम पर मनाया जाएगा। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम लायन डेन, नीमच में आयोजित होगा।

राष्ट्रीय प्रसारण सुबह 6:30 बजे से कोलकाता से राष्ट्रीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। प्रातः 6:45 बजे माननीय प्रधानमंत्री जी का उद्बोधन होगा। सामान्य योग प्रोटोकॉल सुबह 7 से 7:45 बजे तक विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में सामान्य योग प्रोटोकॉल का योगाभ्यास कराया जाएगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी, योग संस्थाएं, एनसीसी, एनएसएस, पुलिस बल एवं आम नागरिक बड़ी संख्या में भाग लेंगे। कार्यक्रम विवरण: दिनांक: 21 जून 2026, रविवार समय: प्रातः 6:00 बजे से स्थान: लायन डेन, नीमच, सभी प्रतिभागियों की उपस्थिति प्रातः 06:00 से पूर्व, अतिथियों का आगमन सुबह 06 बजे से होगा। इसके बाद अतिथियों का उदबोधन प्रातः 06:00-06:30, कोलकाता से राष्ट्रीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण प्रातः 06:30 बजे से, माननीय प्रधानमंत्री जी का उदबोधन प्रातः 06:45 बजे से, सामान्य योग प्रोटोकॉल का योगाभ्यास प्रातः 07:00-07:45 बजे तक। जिले के समस्त नागरिकों, योग प्रेमियों, सामाजिक संगठनों एवं संस्थाओं से अपील की गई है, कि थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में सुबह 6 बजे से पूर्व, लायन डेन पहुंचकर योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लें।

## डाक घरों में आधार कार्ड संबंधित सेवाओं के लिए विशेष अभियान 20 जून को

**नीमच। नीमच डाक संभाग द्वारा आमजन को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से डाकघरों (पोस्ट ऑफिस) के आधार एनरोलमेंट एवं अपडेशन सेवा केन्द्रों पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है।**

इस अभियान के तहत नवीन आधार पंजीयनए आधार कार्ड में सुधारए बायोमेट्रिक अपडेट तथा आधार डेटा में मोबाइल एवं ईमेल लिंक कराने जैसी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। यह विशेष अभियान 20 जून 2026 को आयोजित किया जाएगा। इसके लिए 18 एवं 19 जून को टोकन वितरण किया जाएगा। अभियान के दिन 20 जून को सभी आधार केन्द्र प्रातः 8 बजे से शाम 6 बजे तक संचालित रहेंगे। डाक विभाग मंदसौर नीमच के अधीक्षकों ने नागरिकों से अपील की है, कि वे अपने निकटतम डाक घर आधार केन्द्र पर पहुंचकर इस सुविधा का लाभ उठाएं। मंदसौर शहर के मुख्य डाकघर, सिटी डाकघर, सुवासरा मंडी, भानपुराए गरोठ, शामगढ़, दलौदा, नाहरगढ़, सीतामऊ, बूढ़ा, मल्हारगढ़, पिपलिया उपडाकघरों एवं नीमच शहर के नीमच प्रधान डाकघर, नीमच बघाना खोर, जावद, महागढ़, मनासा, रामपुरा सहित विभिन्न डाकघरों में यह अभियान संचालित किया जा रहा है।

**एक नजर** | **विधायक अनिरुद्ध मारू की मौजूदगी में 127 आवेदनों का निराकरण**

## ग्राम भाटखेड़ी बुजुर्ग में क्लस्टर स्तरीय जन कल्याण शिविर



**नीमच।** जनपद पंचायत मनासा के ग्राम भाटखेड़ी बुजुर्ग में क्लस्टर पंचायतवार जन कल्याण शिविर शुक्रवार को आयोजित किया गया। शिविर में मनासा विधायक अनिरुद्ध माधव मारू, एसडीएम मनासा किरण आंजना एवं जनपद पंचायत सीईओ आरिफ खान उपस्थित थे। शिविर में आस-पास की 20 ग्राम पंचायतों के हितग्राही सम्मिलित हुए। बड़ी संख्या में महिलाओं की भी उपस्थिति रही।

सीईओ आरिफ खान ने ग्रामीणों को शासन के 22 विभागों की 111 जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी तथा पात्र हितग्राहियों को आवेदन करने हेतु प्रेरित किया। मौके पर निराकरण: विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 127 आवेदन प्राप्त हुए। सभी आवेदनों का विभागीय अधिकारियों द्वारा मौके पर ही परीक्षण कर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करते हुए निराकरण किया। विकास कार्यों की सौगात: विधायक श्री अनिरुद्ध मारू ने ग्राम पंचायत भाटखेड़ी बुजुर्ग में आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक-4 के 11.22 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। शिविर को संबोधित करते हुए विधायक श्री अनिरुद्ध माधव मारू ने महिलाओं की अधिक सहभागिता पर प्रसन्नता व्यक्त की और महिलाओं से स्वरोजगार योजनाओं से जुड़ने का आव्हान किया। उन्होंने सभी विभागों को अंतिम पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए तथा क्षेत्र में चल रहे एवं प्रस्तावित विकास कार्यों की जानकारी दी। एसडीएम किरण आंजना ने भी लोगों को आवेदन कर शासकीय योजनाओं का लाभ लेने को प्रेरित किया।